# राष्ट्रीय युवा पुरस्कार

## चर्चा में क्यों?

12 अगस्त, 2021 को केंद्रीय युवा एवं खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस पर विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय युवा पुरस्कार कार्यक्रम में रायसेन के **शुभम चौहान** और जबलपुर के **हिमांशु कुमार** गुप्ता को **राष्ट्रीय युवा पुरस्कार** से सम्मानित किया।

## प्रमुख बिंदु

- इस पुरस्कार में एक पदक, प्रमाण-पत्र और एक लाख रुपए की नकद राशि दी गई। राष्ट्रीय युवा पुरस्कार वर्ष 2017-18 के लिये कुल 14 पुरस्कार और वर्ष 2018-19 के लिये 8 पुरस्कार दिये गए।
- जबलपुर के हिमांशु कुमार गुप्ता को वर्ष 2017-18 के लिये समुदाय के प्रति उनकी उत्कृष्ट सेवाओं हेतु यह पुरस्कार से मिला है। इन्होंने महिला सशक्तीकरण से जुड़ी परियोजनाओं, दृष्टबाधित लोगों के लिये पुस्तकों की वाइस रिकार्डिंग और इनसेक्ट प्रोसेसिंग के माध्यम से फूलों की रिसाइकलिंग पर काम करने में उल्लेखनीय कार्य किया है।
- इनको न्यू इंडिया कॉन्क्लेव में ग्राम मित्र सम्मान से भी सम्मानित किया जा चुका है।
- रायसेन के शुभम चौहान को वर्ष 2018-19 के लिये समुदाय के प्रति उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिये सम्मानित किया गया है। इन्होंने स्वच्छता अभियान, मतदान जागरूकता कार्यक्रम, पौधारोपण अभियान, रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम, ग्रामीण क्षेत्रों को खुले में शौच से मुक्त कराना, युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम, महिला सशक्तीकरण आदि आयोजनों में नेतृत्व क्षमता का प्रदर्शन किया।
- इन पुरस्कारों का मुख्य उद्देश्य युवाओं को राष्ट्रीय विकास और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्टता हासिल करने के लिये प्रेरित करना और समुदायों के प्रति ज़िम्मेदारी की भावना विकसित करना है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/national-youth-award-1